एक नजर में

भगवान शिव अजर अमर हैं उन्हें वृद्धावस्था छू भी नहीं सकती : आचार्य शास्त्री

ग्वालियर। विनय नगर सेक्टर नंबर 4 में स्थित अमृतेश्वर मंदिर पर चल रही शिव महापुराण के दूसरे दिन की कथा में भगवान शिव के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि उनका अजर-अमर होना, कालों के काल होना, और विनोदशील स्वभाव का वर्णन किया उन्होंने कहा इस दिन भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि कैसे शिव की भक्ति से जीवन के तीनों तापों से मुक्ति मिलती है. शिव महापुराण के दूसरे दिन की कथा में, भगवान शिव के महत्व को उजागर करते हुए कथावाचक पंडित श्रीनिवास शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव अजर-अमर हैं और उन्हें वृद्धावस्था छू भी नहीं सकती. कथावाचक ने कहा कि जो व्यक्ति भगवान शिव की भक्ति करता है, उसे जीवन के तीनों तापों से मुक्ति मिलती है. यह भी बताया जाता है कि शिव महापुराण का पाठ करने से व्यक्ति को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और उसका कल्याण होता है. उन्होंने बताया श्रावण के महीने में बेलपत्र भगवान शिव पर चढ़ने का बड़ा महत्व है वही भगवान शिवका दूध से अभिषेक और पूजन करने से घर के क्लेश दूर होते हैं पंडित श्रीनिवास शास्त्री ने आज की कथा में शिव शक्ति विवाह का चरित्र तथा चंद्र देव की 27 पत्नी की कथा एवं भगवान सोमनाथ की गुजरात में स्थापना कैसे हुई इसका भी प्रसंग सुनाया।

कैट आपके द्वार कार्यक्रम उपनगर ग्वालियर में - ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर होंगे मुख्य अतिथि

ग्वालियर . कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के तुरंत समाधान के उद्देश्य से चलाया जा रहा जनसंपर्क एवं जनसुनवाई अभियान च्कैट आपके द्वारज्ज अब उप नगर ग्वालियर की ओर अग्रसर है। यह विशेष कार्यक्रम 18 जुलाई 2025, शुक्रवार को रात्रि 8 बजे अग्रवाल मैरिज गार्डन, सराफा बाजार, ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा, जहां स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और उद्योगपतियों की समस्याओं की न सिर्फ़ सुनवाई होगी बल्कि स्थल पर ही तुरंत समाधान के प्रयास किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में कैट के पदाधिकारियों के साथ ही मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहकर व्यापारिक समस्याओं को समझेंगे और समाधान की दिशा में ठोस संवाद करेंगे। कैट के कार्यकारिणी सदस्य अशोक अग्रवाल,श्रीमती रश्मि अग्रवाल , आलोक जैन , श्रीमती सृष्टि गर्ग ,रवि अग्रवाल , आशीष जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस अवसर पर क्षेत्रीय व्यापारियों और उद्योगपतियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है . कार्यक्रम में कैट जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री विवेक जैन , कोषाध्यक्ष मयूर गर्ग एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे .

बासी खाना खाने से एक ही परिवार के सात लोग हुए बीमार, ग्वालियर रेफर

ग्वालियर-भितरवार के ग्राम चिटोली में एक परिवार के सात सदस्य बासी दाल-चावल खाने से बीमार हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरबार में प्राथमिक उपचार देने के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है। बीमार लोगों में शांति बाई, चतुर सिंह, रेखा,सोनम,अंशिका, शिवानी, कृष्णा शामिल हैं। घटना रविवार की है जब परिवार ने शनिवार के बचे हुए दाल-चावल का सेवन किया। खाने के कुछ देर बाद ही सभी को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। परिवार को अस्पताल ले जाएगा जहां उपचार किया गया उसके बाद सोमवार को पुन : तबीयत बिगड़ी तब उनको स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने उन्हें ग्वालियर रेफर किया।

सेंट्रल जेल में बंद कैदी की मौत

ग्वालियर- हत्या के मामले में जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत हो गई। ब्रेन डेड होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया था। जहां दार्शनिकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैदी का नाम बजरंगबली अर्गल निवासी मेहगांव भिंड है और सीहोर में बंधक बनाया गया था। कुछ महीने पहले सेंट्रल जेल सेन्ट्रल जेल में रखा गया था। इस मामले में जेल प्रबंधन का कहना है कि कैदी ब्रिजेंद्र अर्गल को हार्ट अटैक आया था और उसके बाद उसकी मौत की असली वजह पता चली।

मां का प्रेम काम नहीं आया, प्रेमी के साथ चली गई बेटी

ग्वालियर। प्रेम विवाह कर पति के साथ रहने वाली बेटी को मां का प्रस्ताव रास नहीं आया और वह हाईकोर्ट द्वारा उसे कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्रता दिए जाने पर अपने प्रेमी के साथ उसके घर चली गई। मां ने प्रस्ताव दिया था कि यदि बेटी उनके साथ चलती है तो वह अपनी बेटी और जिसके साथ वह प्रेम करती है उसकी वह शादी गांव में ही कराएंगे। मां के द्वारा उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका प्रस्तुत कर कहा गया था कि एक युवक द्वारा उसकी बेटी को बंधक बनाकर रखा हुआ है। कोर्ट के निर्देश पर उस युवती को पुलिस बरामद कर न्यायालय में लेकर आई। न्यायालय ने जब युवती से पूछा तो उसने बताया कि वह बालिग है और वह अपने पति सुरेन्द्र जिसके साथ उसने विवाह किया है रहना चाहती है। सुरेन्द्र ने भी न्यायालय को बताया कि वह भी बालिग है और युवती को अपने साथ पत्नी के रूप में रखना चाहता है। दोनों ने यह भी बताया कि वे एक ही समाज और एक ही जाति के हैं फिर भी उन्हें सुरेन्द्र के परिवार के लोगों द्वारा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। इस कारण वे गांव जाने से डर रहे हैं। युवती की मां ने कहा कि वह दोनों की रीति-रिवाज से शादी के लिए तैयार है। न्यायालय ने कहा कि दोनों बालिग हैं और उन्होंने विवाह कर लिया है और वे शांति से रहना चाहते हैं, इसलिए यह कोर्ट के हस्तक्षेप का मामला नहीं है। लेकिन न्यायालय ने यह अपेक्षा करते हुए युवती को सुरेन्द्र के साथ जाने दिया कि वह उसकी देखभाल करेगा।

जनवरी से लापता है दस साल का बालक, पुलिस को और प्रयास करने के निर्देश

ग्वालियर। उच्च न्यायालय ने जनवरी 2025 से लापता दस साल के बालक की दादी मुन्नी बाई की याचिका पर पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वे बालकी खोज के लिए और अधिक प्रयास करें। न्यायालय ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों और शहर के ट्रेफिक सिग्नलों के सीसीटीवी फुटेज की जांच के साथ ही नवीनतम तकनीक के जरिए बालक को लाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा है। याचिकाकर्ता मुन्नी बाई ने कहा कि उनका पोता जिसकी उम्र दस साल है वह जनवरी से लापता हो गया है। परिवार के लोग उसका पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और उसकी खोज वे लगातार कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। न्यायालय ने कहा कि जांच रिपोर्ट से स्पष्ट है कि बालक का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी और प्रयास की आवश्यकता है।

गाड़ी खड़ी करने से रोका तो की मारपीट, मां-बेटा घायल

ग्वालियर। घर के बाहर गाड़ियां खड़ी करने से मना करना एक महिला व उसके बेटे को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने महिला व उसके बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। युवकों की पिटाई व गुंडागर्दी से आहत महिला पुलिस के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। पुरानी छावनी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। सुषमा कुशवाह 22 वर्ष पत्नी बंटी कुशवाह निवासी सती मंदिर के पास बरौआ पुरानी छावनी के घर के सामने सरनाम किरार तथा बंटी किरार रोज अपनी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, इससे आने-जाने में परेशानी होती है। सुषमा कुशवाह कई बार बंटी व सरनाम किरार से यह बात कह चुकी थी कि घर के सामने गाड़ियां खड़ी करते हो इससे हमें परेशानी होती है।

लाखों करोड़ों में बने गोलंबर

सुंदरता बढ़ाने की बजाय दिखा रहे हैं लापरवाही की तस्वीर

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 15 जुलाई. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा अपनी सांसद निधि से ग्वालियर के प्रमुख चौराहों को सजाने संवारने के लिए करीब चार करोड रुपए दिए गए थे, जिनसे कई चौराहों का पुनर्निर्माण किया गया लेकिन प्रशासन की उदासीनता और लापरवाह वाहन चालकों की वजह से शहर को सुंदर बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए की लागत से शहर के कई मुख्य स्थान पर बने यह गोलंबर, जिन्हें बनाने में कई महीनो, कई कारीगरों ने अपना श्रमदान भी किया। आज क्षतिग्रस्त हैं। कुछ दिन तो यह गोलंबर शहर की सुंदरता बढ़ाते रहे लेकिन अब शहर के अधिकांश चौराहों पर यह बने यह गोलंबर अपनी सुंदरता खो चुके हैं। इसका कारण है लापरवाह वाहन चालक जिन्होंने इन गोलंबर को अपने वाहन से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। नगर निगम ने भी शहर के कई स्थानों पर आम जनता का पैसा लगाकर इन गोलंबर को बनाया था लेकिन कई जगह नक्काशी करे हुए लाल पत्थर से सजे यह गोलंबर अब बदहाल है।

नगर निगम के अधिकारी इस मामले में एक-दूसरे का नाम बताते रहे लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि नगर निगम ने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज कराई है या नहीं। हमने इंजीनियर अतिवल सिंह यादव, जेपी पारा और अमित गुप्ता को फोन लगाया। नगर निगम कमिश्नर श्री संध प्रिय से भी बात करने की कोशिश की लेकिन उनसे बात नही हो पाई।

कहां-कहां टूटे हैं गोलंबर

अचलेश्वर मंदिर के पास करोड़ों रुपए की लागत से बना चौराहा क्षतिग्रस्त हो चुका है। बरदारी चौराहा पर देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले पंडित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा क्षतिग्रस्त है, कई जगह से चौराहे का मार्बल भी निकला हुआ है। हुरावली से आगे सिरोल चौराहा भी टूटा पड़ा है। चेतकपुरी के सामने विवेकानंद चौराहा क्षतिग्रस्त है तो वहीं माधव नगर के सामने का चौराहा भी जगह-जगह टूट रहा है।

कौन है जिम्मेदार...?

शराब पीकर वाहन चलाने वाले, तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले जब अपने वाहन से नियंत्रण खो देते हैं तो वह इन गोलंबर से टकरा जाते हैं इसलिए लापरवाह वाहन चालक इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही कहीं ना कहीं प्रशासन की लापरवाही भी इसकी जिम्मेदार है। दिन भर लोगों के चालान काटने वाले ट्रैफिक जवान इन गोलंबर के आसपास रहते तो हैं लेकिन इनमें से किसी ने भी इन लापरवाह वाहन चालकों के कोई चालान काटे हो ऐसा कोई प्रकरण सामने नहीं आया है। नगर निगम भी करोड़ों रुपए इन गोलंबर में लगाने के बाद इनकी सुरक्षा पर ध्यान नहीं देता हैं।

इनका कहना है...

मुझे यहां जिम्मेदारी संभाले अभी दो मां हुए हैं तब से तो किसी वाहन चालक ने टक्कर नहीं मेरी हां मैं जब से आया हूं चौराहों को ऐसा ही क्षतिग्रस्त देख रहा हूं। जहां तक बात कार्यवाही की है तो मोटर व्हीकल एक्ट में स्वत्व संज्ञान लेकर इस तरह की घटना को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने का प्रावधान नहीं है। लेकिन यदि नगर निगम शिकायत दर्ज करवाता है तो आईपीसी की धारा के तहत कार्यवाही की जाएगी लेकिन अभी तक कोई शिकायत ऐसी आई नहीं है।

के.पी.तोमर, प्रभारी यातायात थाना, झांसी रोड

नशे से दूरी है जरूरी-साइकिल रैली निकली

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 15 जुलाई. नशा मुक्ति के लिए मप्र शासन के निर्देश पर पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 15 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मंगलवार सुबह साइकिल रैली के साथ हुआ। इस रैली को ग्वालियर जोन आईजी अरविंद सक्सेना एवं ग्वालियर रेंज डीआईजी अमित सांघी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां बता दें कि मप्र शासन एवं पीएचक्यू के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15-30 जुलाई तक %नशे से दूरी है जरूरी% नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को साइकिल रैली के साथ किया गया। जन भागीदारी से आयोजित उक्त साईकिल रैली कटोराताल से शुरू होकर अचलेश्वर मंदिर, इंदरगंज चौराहा, ऊंट पुल, पाटनकर चौराहा, दौलतगंज से होते हुए महाराज बाड़ा पहुंचकर संपन्न हुई है।

एसएसपी ने भी चलाई साइकिल- रैली में आईजी अरविंद सक्सैना, डीआईजी अमित सांघी, एसएसपी धर्मवीर सिंह, अभियान की नोडल व एएसपी सुमन गुर्जर, सीएसपी झांसी रोड हिना खान सहित सभी टीआई, पुलिस फोर्स व विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी श्री सिंह खुद कटोरा ताल से महाराज बाड़ा तक साइकिल चलाकर पहुंचे। उनके साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने भी साइकिल चलाई। महाराज बाड़े पर ग्वालियर जोन आईजी द्वारा रैली में शामिल लोगों को नशे से दूर रहकर एक अच्छे नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई।

जागरुकता संबंधी वीडियो होंगे प्रसारित

नशे से दूरी है जरूरी 15 दिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है। इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। हालांकि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु शासन के अन्य विभागों, ग्राम व नगर रक्षा समिति, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों और अन्य संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें स्कूल-कॉलेजों, मुख्य चौराहों, बस स्टैंड पर जन जागरूकता संबंधी वीडियो का प्रसारण कराया जाएगा।

NAME CHANGE

I **KOSHAL KISHOR SINGHAL** S/O RAM KISHAN SINGHAL. HAVE CHANGED MY NAME AS **KAUSHAL SINGHAL.** NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS **KAUSHAL SINGHAL.**

ADD.- NIMBALKAR KA BADA TELI KI BAZARIYA OPP. D.D SAPKAL HOUSE NAYA BAZAR LASHKAR GWALIOR (M.P.)- 474009

CHANGE OF NAME

1. **MOHAN LAL JESWANI** S/O **SHRI. AWATRAM JESWANI** Here by Declare That I have Changed My Add Midden name as **MOHAN JESWANI** so, from now and In future I will be known by my new name- **MOHAN JESWANI**

ADDRESS- FLAT NO-302, SHRI MAHAVEER APARTMENT, 46,RAVI NAGARPHOOL BAGH, GWALIOR, (M.P.) 474002

उपनाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता हैं कि मैं दामोदर प्रसाद बोहरे पुत्र श्री जगदीश प्रसाद बोहरे निवासी- 37, न्यू साकेत नगर तानसेन रोड ग्वालियर (म.प्र.) यह कि मुझ प्रार्थी पूर्व में नाम **दामोदर प्रसाद DAMODAR PRASAD** अंकित है। जबकि अब मैने अपना नाम **दामोदर प्रसाद DAMODAR PRASAD** के स्थान पर **दामोदर प्रसाद बोहरे DAMODAR PRASAD BOHRE** रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में **दामोदर प्रसाद बोहरे DAMODAR PRASAD BOHRE** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

प्रार्थी

नाम : दामोदर प्रसाद बोहरे,पुत्र श्री जगदीश प्रसाद बोहरे,निवासी 37, न्यू साकेत नगर,तानसेन रोड ग्वालियर, (म.प्र.)

उपनाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है। कि मै कमल कुमार कुकरेजा पुत्र श्री घनश्याम दास निवासी- सी-31 गोविन्दपुरी चौराहा व्ही.सी. बंगला के सामने सचिन तेन्दुलकर मार्ग सिटी सेन्टर आर.के पुरी ग्वालियर (म.प्र.) यह कि मुझ प्रार्थी का पहले नाम **कमल कुकरेजा** KAMAL KUKREJA अंकित है। किन्तु अब मैने अपना नाम **कमल कुकरेजा KAMAL KUKREJA** के स्थान पर कमल **कुमार कुकरेजा KAMAL KUMAR KUKREJA** रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में **कमल कुमार कुकरेजा KAMAL KUMAR KUKREJA** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

प्रार्थी

नाम : कमल कुमार कुकरेजा,पुत्र श्री घनश्याम दास निवासी- सी-31, गोविन्दपुरी चौराहा व्ही.सी. बंगला के सामने सचिन तेन्दुलकर मार्ग, सिटी सेन्टर आर.के पुरी, ग्वालियर, (म.प्र.)